**तुरंत जारी किए जाने के लिए**

# प्रौद्योगिकी में उद्योग व्यवधान—वित्त क्षेत्र धूम्रपान संबंधी मौतों में चीन के मंडरा रहे संकट को दूर करने में महत्वपूर्ण सिद्ध हो सकते हैं

*प्रतिष्ठित पैनल इस बात का उल्लेख करता है कि उद्योग रूपांतरण से महत्वपूर्ण सबक कैसे क्षेत्र के तंबाकू उद्योग में सकारात्मक परिवर्तन उत्पन्न कर सकते हैं जिससे लोक स्वास्थ्य में सुधार होगा*

हांग कांग, चीन (11 अक्तूबर, 2018) – हांग कांग और चीन के उद्योग वर्तमान में व्यावसायिक पद्धतियों में नाटकीय परिवर्तनों का सामना कर रहे हैं। ये परिवर्तन क्षेत्र के एक सबसे बड़े आर्थिक और सामाजिक खतरे: धूम्रपान से संबंधित मृत्यु को कम करने के लिए महत्वपूर्ण सबक प्रदान कर सकते हैं। यह एक ऐसी प्रमुख अंतर्दृष्टि थी जिस पर The Economist Corporate Network द्वारा आयोजित फोरम "व्यवधान से सीखना" (“Learning from Disruption”) के दौरान चर्चा की गई थी।

क्षेत्रों की जनसंख्या की आयु बढ़ने पर आगामी दशकों में धूम्रपान संबंधी मौतों में वृद्धि होने की संभावना है। यह अनिवार्य है कि दहनशील तंबाकू के विकल्पों को अपनाने के लिए तंबाकू खपत, नीतियाँ और व्यावसायिक पद्धतियाँ तेज़ी से विकसित हों। फोरम ने इस बात की जाँच की कि ऊर्जा, वित्त और तकनीक सहित विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों में उद्योग कैसे हांग कांग और चीन में तंबाकू बाज़ार में परिवर्तनों में तेज़ी लाने के लिए महत्वपूर्ण परिणाम प्राप्त कर सकता है।

“जो बस कुछ वर्ष पहले अकल्पनीय था, वह आज नवीन और वास्तव में व्यवधानकारी तकनीकों के कारण हो रहा है," डेरेक याच, Foundation for a Smoke-Free World के अध्यक्ष ने कहा। “समाज के प्रत्येक क्षेत्र में रूपांतरण हो रहा है और तंबाकू उद्योग कोई अपवाद नहीं है। उपभोक्ता स्वास्थ्यप्रद जीवनशैलियाँ खोजते हैं, इसलिए पुराने उद्योग ऐसे व्यावसायिक मॉडलों की ओर उन्मुख हो रहे हैं जो अपने प्रचालनों और उत्पादों के लिए अधिक स्वच्छ विकल्पों पर बल देते हैं।”

फोरम के भाग के रूप में, Foundation for a Smoke-Free World ने दो श्वेत पत्र जारी किए: *“व्यावसायिक रूपांतरण: धूम्रपान-मुक्त विश्व के लिए संगत मामला अध्ययनों का विश्लेषण,”* और “*निकोटीन में वैश्विक प्रवृत्तियाँ*।” इन दस्तावेज़ों में इस बात की जाँच की गई है कि वैश्विक उद्योगों में परिवर्तन कैसे तंबाकू उद्योग व्यवधान में महत्वपूर्ण अंतर्दृष्टियाँ प्रदान कर सकते हैं और कैसे विश्व में विशालतम निकोटीन सुपुर्दगी कंपनियों का मूल्यांकन कर सकते हैं। यह अनुसंधान पूरे विश्व में बेहतर हानि न्यूनीकरण और धूम्रपान बंद करने संबंधी पद्धतियों के विकास में तेज़ी लाने के फाउंडेशन के व्यापक प्रयासों का भाग है। यह उन वैश्विक विचार-गोष्ठियों की शृंखला में पहला फोरम है जिनकी फाउंडेशन की तंबाकू उद्योग के व्यवधान से संबंधित विषयों पर आयोजित करने की योजना है।

आज विश्व में लगभग 1.1 बिलियन धूम्रपान करने वाले हैं और 315 मिलियन धूम्रपान करने वाले चीन में हैं। जबकि तंबाकू के प्रचलन में वैश्विक रूप से कमी हो रही है, वहीं कुछ कम-और मध्यम आय वाले देशों, प्रमुख रूप से सबसे संवेदनशील जनसंख्या में तंबाकू के इस्तेमाल में वृद्धि हो रही है। Foundation for a Smoke-Free World का प्रयोजन इस पीढ़ी में धूम्रपान समाप्त करके वैश्विक स्वास्थ्य में सुधार करना है। इसके लिए, यह लोगों को धूम्रपान छोड़ने में मदद करने और जलाया जाने वाले तंबाकू के सापेक्ष कम हानि वाले उत्पादों का इस्तेमाल आरंभ करने में सहायता करने के लिए समाधानों पर अनुसंधानकर्ताओं और लोक स्वास्थ्य समर्थकों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ कार्य कर रहा है। इसके अलावा, फाउंडेशन की कृषि रूपांतरण पहल का लक्ष्य तंबाकू पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं का विविधीकरण करना, तंबाकू के पत्ते की बेहद घटी हुई माँग के युग से पहले छोटे तंबाकू किसानों को वैकल्पिक आजीविका फसलें उगाने के लिए तैयार करना है।

“चीन ने मुख्य रूप से इन बहुत से औद्योगिक परिवर्तनों में पथप्रदर्शक के रूप में उत्कृष्ट कार्य किया है,” The Economist Corporate Network के निदेशक रॉबर्ट कोएप ने कहा। “ऐसे मूलभूत रूपांतरणों से पीड़ित होने की बजाए लाभान्वित होने के लिए यह आवश्यक है कि हम व्यवधान से सबक सीखें। निवेशकों और कार्यपालकों द्वारा प्राप्त किए जा सकने योग्य पुरस्कारों के अतिरिक्त, समाज के लोग भी कैसे लाभान्वित हो सकते हैं? दूसरे शब्दों में, जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए औद्योगिक व्यवधान से सबक कैसे लागू किए जा सकते हैं? ये कुछ ऐसे प्रश्न हैं जिनका हमने प्रतिष्ठित पैनल के साथ उत्तर देने का प्रयास किया।”

“हमारा लक्ष्य इस पीढ़ी में धूम्रपान-मुक्त विश्व की स्थिति प्राप्त करने के लिए वैश्विक तंबाकू उद्योग और निकोटीन पारिस्थितिकी तंत्र के लिए रूपांतरणकारी संभावनाओं पर चर्चाओं को प्रोत्साहित करना है" याच ने कहा। “हम सभी हितधारकों को इस वार्तालाप में जुड़ने के लिए आमंत्रित करते हैं जो अपरिहार्य परिणाम—दहनशील सिगरेट की समाप्ति—और उद्योग के रूपांतरण को अपनाने को अंगीकार करता है। एशिया और अन्य कहीं तंबाकू कंपनियों के पास ऐसे व्यावसायिक मॉडल अपनाने का अवसर है जिनसे दहनशील सिगरेट से मुक्त विश्व का मार्ग प्रशस्त होगा।”

###

**Foundation for a Smoke-Free World, Inc. का परिचय**

Foundation for a Smoke-Free World इस पीढ़ी में धूम्रपान समाप्त करके वैश्विक स्वास्थ्य को सुधारने के प्रयोजन से युक्त एक स्वतंत्र, लाभ-निरपेक्ष संगठन है। फाउंडेशन अपने मिशन का समर्थन तीन मूल स्तंभों के माध्यम से करता है: स्वास्थ्य, विज्ञान, और तकनीक; कृषि रूपांतरण पहल; और उद्योग का रूपांतरण। फाउंडेशन का स्वास्थ्य, विज्ञान, और तकनीक का काम धूम्रपान छोड़ने और कम जोखिम वाले उत्पादों का उपयोग करने में तेजी लाने के लिए धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों पर केंद्रित कार्यक्रम लाकर तंबाकू नियंत्रण के चालू प्रयासों में योगदान करता है और उन देशों पर ध्यान केंद्रित करता है जहाँ अधिकांश धूम्रपान करने वाले रहते हैं। कृषि रूपांतरण पहल का लक्ष्य तंबाकू पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं में विविधता लाना है, और फाउंडेशन के उद्योग का रूपांतरण करने वाले प्रयास संपूर्ण वैश्विक तंबाकू उद्योग और निकोटीन परितंत्र के भीतर परिवर्तन लाने पर केंद्रित हैं।

फाउंडेशन ने फिलिप मॉरिस इंटरनेशनल (PMI) को 2018 में शुरू करते हुए 12 वर्षों तक हर वर्ष 80 मिलियन डॉलर देने की प्रतिज्ञा की है। फाउंडेशन के उपनियमों और प्रतिज्ञा समझौते के अधीन, PMI और तंबाकू उद्योग को, सामान्य तौर पर, फाउंडेशन के अपनी निधियों को खर्च करने या अपनी गतिविधियों पर ध्यान देने के तरीकों पर कोई भी नियंत्रण या प्रभाव करने से अलग रखा गया है। फाउंडेशन द्वारा वार्षिक प्रतिज्ञा की स्वीकृति फाउंडेशन द्वारा प्रतिज्ञा करने वाले के उत्पादों के किसी भी उत्पाद का समर्थन नहीं करती है।

फाउंडेशन के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.smokefreeworld.org पर जाएं।

**Economist Corporate Network के बारे में**

Economist Corporate Network (ECN) उन वरिष्ठ कार्यपालकों और व्यावसायिक विश्व पर प्रभाव डालने वालों के लिए The Economist Group की सलाहकार सेवा है जो बाज़ारों और क्षेत्रों में आर्थिक और व्यावसायिक रुझानों में अंतर्दृष्टि प्राप्त करना चाहते हैं। स्वतंत्र और विचारोत्तेजक ECN ग्राहकों को वह सूचना, अंतर्दृष्टि और पारस्परिक-क्रिया प्रदान करता है जिसकी उन्हें सफल होने के लिए ज़रूरत है। इसका नेतृत्व उन विशेषज्ञों द्वारा किया जाता है जो एशिया-प्रशांत, मध्य पूर्व और अफ्रीका में स्थित व्यावसायिक समूहों के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक - दोनों मुद्दों की गहन जानकारी और समझ साझा करते हैं। हमारे उच्च-स्तर के अनुसंधान, पारस्परिक-क्रिया वाली बैठकों और ब्रीफिंगों के अनुकूल मिश्रण के माध्यम से, The Economist Corporate Network वर्तमान और पूर्वानुमान की गई परिस्थितियों - दोनों पर देश-दर-देश, क्षेत्रीय, वैश्विक और उद्योग-केंद्रित विश्लेषण प्रदान करता है।

**मीडिया संपर्क**


टेरेंस निप (Terence Nip)
टेलीफोन: (852) 2884-8517 / 9166-5346
ईमेल: terence.nip@pulsecom.com.hk

जोनाथन चेयंग (Jonathan Cheung)
टेलीफोन: (852) 2884-8204 / 6042-9138
ईमेल: jonathan.cheung@pulsecom.com.hk